दिनांक–18.09.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे,इंदौर और उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 21 से 23 तारीख तक अमरीका की यात्रा पर जाएंगे।
- भारत ने चीन को हराकर एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता।
- प्रदेश में एक बार फिर शुरू हुआ बारिश का दौर, कल 24 से ज्यादा जिलों में हुई बारिश।

**समाचार विस्तार से:–**

## राष्ट्रपति दौरा–इंदौर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आज से मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वे इंदौर और उज्जैन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

**वीसी–संजीव शर्मा**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आज अपने दौरे के पहले दिन इंदौर के मृगनयनी एम्पोरियम जाएँगी और अपने हुनर के लिए ख्याति अर्जित कर चुके कारीगरों से मुलाकात करेंगी। मृगनयनी मप्र सरकार का प्रमुख हैंडलूम साड़ी केंद्र हैं।

राष्ट्रपति कल उज्जैन में सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करेंगी और इंदौर–उज्जैन सिक्स लेन सड़क परियोजना का शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति श्री महाकालेश्वर मंदिर भी जाएंगी। वे श्री महाकाल लोक के मूर्तिकारों से भी बातचीत करेंगी।

राष्ट्रपति इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

## प्रधानमंत्री–अमरीका यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 21 से 23 तारीख तक अमरीका की यात्रा पर होंगे। वे वाशिंगटन के डेलावेयर में 21 सितंबर को क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी 23 तारीख को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में ''समिट ऑफ द फ्यूचर'' को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का विषय होगा– बेहतर भविष्य के लिए बहु–पक्षीय समाधान। सम्मेलन में बड़ी संख्या में वैश्विक नेताओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी विश्व के विभिन्न नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

प्रधानमंत्री न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित करेंगे। वे प्रमुख अमरीकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से वार्तालाप भी करेंगे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर कल प्रदेशभर में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" शुरू हुआ। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक जन–भागीदारी पर जोर दिया गया है। विदिशा में श्री बाढ़ वाले गणेश मंदिर में

जन–प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संगठनों, विद्यार्थियों, अधिकारी–कर्मचारियों और नागरिकों ने सहभागिता करते हुए नदी की साफ–सफाई कर श्रमदान किया है। सीहोर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर में आयोजित स्वच्छता ही सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने स्वच्छता ही सेवा पखवाडा अभियान का शुभांरभ किया। रायसेन में जन–प्रतिनिधियों ने सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य में श्रमदान किया। इस मौके पर पौध–रोपण भी किया गया। निवाड़ी में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने सफाई की आदत को प्रत्येक नागरिक से आत्मसात करने की अपील की। खण्डवा में 1 हजार 308 नवनिर्मित आवासों में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इंदौर, धार, कटनी, भिण्ड, आगरमालवा, शाजापुर, मंदसौर, उज्जैन, पन्ना, खरगौन और रतलाम सहित सभी जगह विभिन्न आयोजन हुए।

**सर्वोच्च न्यायालय बदलाव**

सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश सहित मेघालय, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र को नए सिरे से सिफारिश भेजी है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने सिफारिश की है कि न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया जाए। इसके अलावा, न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है।

**ई–नीलामी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की ई–नीलामी कल से शुरू हो गयी है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह किया है। इससे प्राप्त राशि नमामि गंगे कोष में दी जाएगी। ऑनलाईन नीलामी 2 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

**फिटनेस क्लब**

प्रदेश में फिटनेस क्लब की शुरूआत की जायेगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि समाज स्वच्छ, स्वस्थ और तन्दूरूस्त हो इसके लिये ये क्लब शुरू किये जाएंगे। श्री सारंग ने कल वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के पास बड़े तालाब की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प अभियान की शुरूआत की। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत खेल विभाग 15 दिन तक विभागीय इन्फ्रास्ट्रेक्चर स्टेडियम और ऑफिस में भी वृहद रूप से सफाई अभियान चलायेगा।

**गणेश विसर्जन**

प्रदेश में अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर कल शाम से झांकियां निकलना और गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जारी है। इंदौर, भोपाल सहित सभी प्रमुख शहरों में इसके लिए खास इंतजाम किये गए हैं। इंदौर में सवारियों की शुरुआत हर साल की तरह शाम भंडारी ब्रिज से हुई। सबसे आगे खजराना गणेश की झांकी है। झांकियों का रूट 6 किलोमीटर का है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी झांकी में शामिल हुए।

भोपाल के 6 घाटों पर श्रद्धालु बप्पा को विदाई दे रहे हैं। बड़ी मूर्तियों को क्रेन–हाइडर मशीन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से घाटों पर पुलिसकर्मी और गोताखोर तैनात हैं। वहीं, 100 से अधिक अस्थायी कुंड भी बनाए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर जारी है। कल 24 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। रीवा में सबसे ज्यादा 4 इंच पानी गिर गया। वहीं, सीधी में 3 इंच, सतना में 2 इंच, सागर में सवा इंच, मंडला में 1 इंच, ग्वालियर और नरसिंहपुर में पौन इंच बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में बारिश होने का अनुमान जताया है। भारी बारिश को देखते हुए सतना और रीवा जिलों में कल स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों में अवकाश घोषित किया है। ग्वालियर में तिघरा बांध में पानी की आवक बढने से मंगलवार को एक बार फिर एक गेट खोलकर पानी छोड़ा गया।

**एशियाई हॉकी चैंपियनशिप**

भारत ने एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में वर्तमान चैंपियन भारत ने कल मेजबान चीन को एक–शून्य से हराकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया। चौथे क्वार्टर में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने शानदार गोल किया। इस टूर्नामेंट में भारत अपने सभी मैचों में अजेय रहा है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी–2024 जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी है। अपने संदेश में, श्री मोदी ने कहा कि उनके प्रदर्शन, भावना और समर्पण ने देश को गौरवान्वित किया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का 166वां बलिदान दिवस आज मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सहित पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।
- आगरमालवा स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सिलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय में जीवन के लिए ओज़ोन विश्व सहयोग के 35 वर्ष थीम पर आयोजन हुए।
- इंदौर स्थित गोविन्द वल्लभ चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जन औषधि केंद्र में 2 हजार से अधिक जेनरिक औषधियां एवं 300 से अधिक सर्जिकल आयटम्स की उपलब्धता रहेगी।
- निवाड़ी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में ज ओरछा में जिले के विकास के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- रीवा जिले के त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। भारी वर्षा तथा विपरीत मौसम के कारण मुख्यमंत्री समारोह में जबलपुर से वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने 33 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।
- पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में स्वच्छता ही सेवा कैंपेन का आगाज हुआ और स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न गतिविधियाँ हुई। .

.................................